अन्य भाषा बोलने वालों के लिए अंग्रेज़ी (ESOL) कार्यक्रम
में शामिल किये जाने की सूचना

तिथि: ____________________________ ☐ शुरूआती शामिलगिरी ☐ शामिलगिरी जारी

____

अंतिम नाम | प्रथम नाम | आद्याक्षर | विद्यार्थी पहचान क्रमांक

____

विद्यालय | ग्रेड

प्रिय माता-पिता / कानूनी अभिभावक:

हमें आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपका बच्चा स्कूली वर्ष __________ के लिए हमारे ESOL कार्यक्रम में शिक्षा प्राप्त करने का पात्र है। मैरीलैंड के घर पर बोली जाने वाली भाषा संबंधी सर्वेक्षण को आपके जवाब, शिक्षकों की सिफारिश और अंग्रेजी में कुशलता संबंधी एक परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों की सेवाओं की आवश्यकता है के रूप में पहचान की जाती है।

कुल अंग्रेजी कौशल्य स्तर

प्रारंभिक A1	नया जानने वाले A2	शामिल होने वाले A3	प्रवेश करने वाले 1	प्रगति करने वाले 2	विकास करने वाले 3	विस्तार करने वाले 4

आपके बच्चे के ESOL कार्यक्रम में निम्नानुसार शिक्षा प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा:

- ☐ **EL द्विभाषी:** विद्यार्थी अपनी मातृभाषा और अंग्रेजी दोनों में कौशल हाँसिल करते हैं, जिसमें कुछ शिक्षा विद्यार्थी की मातृभाषा में प्रदान की जाती है।
- ☐ **मिश्रित द्विभाषी**: अंग्रेजी और एक साझीदार भाषा पर एक समान ध्यान केन्द्रित किया जाता है, जिसमें EL और गैर-EL दोनों कक्षाओं में साझीदार भाषा में भी सामग्री का शिक्षण प्रदान किया जाता है।
- ☐ **EL विशेष परिवर्ती शिक्षा**: विद्यार्थी की मातृभाषा का उपयोग अंग्रेजी में कौशल्य प्राप्त करने के लिए किया जाता है, लेकिन विद्यार्थी की मातृभाषा में कौशल्य इस केवल EL वर्ग के कार्यक्रम के लक्ष्यों में से एक नहीं है।
- ☐ **मातृभाषा सहायता वाले मिश्रित वर्ग**: विद्यार्थी की मातृभाषा का उपयोग अंग्रेजी में कौशल्य प्राप्त करने में सहायता के लिए कियाज ता है, लेकिन EL और गैर-EL वर्ग में अधिकतर शिक्षण अंग्रेजी में प्रदान किया जाता है।
- ☐ **EL विशेष शिक्षण जिसमें अंग्रेजी में शिक्षा प्रदान की जाती है**: अंग्रेजी भाषा का कौशल और सामग्री इस केवल EL वर्ग में शिक्षा का प्रमुख बिंदु है।

- □ **अंग्रेजी में सहायता वाला मिश्रित वर्ग**: अंग्रेजी भाषा कौशल और सामग्री EL और गैर-EL वर्ग में शिक्षा का केन्द्र बिंदु है

अंग्रेजी सीखने वालों (EL) के लिए कार्यक्रम में शामिल किये जाने के विकल्पों और लक्ष्यों का वर्णन

सभी कार्यक्रमों में प्रत्येक विद्यार्थी के अंग्रेजी में कौशल्य के अनुसार अलग की गईं अंग्रेजी के विकास और शिक्षा संबंधी व्यूह रचनाएं शामिल हैं। ये व्यूह रचनाएं प्रत्येक विद्यार्थी को अंग्रेजी सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने में कुशलता प्राप्त करने में और सभी प्रमुख विषयों में शैक्षिक सफलता प्राप्त करने में सहायता करने के लिए उपयोग की जाती हैं। अंग्रेजी सीखने वालों (ELs) से यह अपेक्षा की जाती है, कि विद्यार्थी पूरे तरीके से मुख्य धारा कक्षाओं में शामिल होने को परिवर्तन कर लें, ग्रेड से आगे बढ़ने के लिए योग्य शैक्षिक सिद्धि मानक प्राप्त करें, और मुख्यधारा के विद्यार्थियों की तरह ही हाई स्कूल से ग्रैजुएट हो पाए।

माता-पिता के अधिकार

यदि यह उपलब्ध हो, तो आपको अपने बच्चे को किसी अन्य शिक्षा विधि में शामिल किये जाने की माँग करने का अधिकार है। आपको किसी भी समय अपने बच्चे के ESOL शिक्षक एवं/अथवा स्कूल से संपर्क कर ESOL सेवाएं प्राप्त करने से इन्कार करने का अधिकार है। यह प्रक्रिया वार्षिक रूप से पूर्ण की जानी चाहिए।

खास आवश्यकताओं वाले EL विद्यार्थी

बच्चे का कार्यक्रम उसकी निजी शिक्षा योजना (इन्डिविज्युअलाइज्ड एजुकेशन प्लान IEP) के शिक्षा लक्ष्य पूरे करने में सहायता करेगा।

कृपया नीचे अपने बच्चे के नियोजन के संबंध में अपना निर्णय बताएं:

- □ **हाँ**, मैं चाहता/चाहती हूँ कि मेरा बच्चा स्कूली वर्ष ________ के ESOL कार्यक्रम में शामिल हो।
  मैं समझता/समझती हूँ कि मेरे बच्चे की अंग्रेजी भाषा में प्रगति को निर्धारित करने के लिए वार्षिक रूप से फिर एक बार उसके अंग्रेजी के कौशल्य का मूल्यांकन किया जाएगा।

- □ **नहीं**, मैं नहीं चाहता/चाहती हूँ कि मेरा बच्चा स्कूली वर्ष ________ के ESOL कार्यक्रम में शामिल हो।
  मैं समझता/समझती हूँ कि मेरे बच्चे की अंग्रेजी भाषा में शिक्षाप्राप्ति और उपलब्धि को निर्धारित करने के लिए वार्षिक रूप से फिर एक बार उसके अंग्रेजी के कौशल्य का मूल्यांकन किया जाएगा, तब भी यदि मैंने अपने बच्चे के लिए ESOL सेवाएं अस्वीकार कर दी हों। मेरा बच्चा तब तक अंग्रेजी सीखने वाला रहेगा जब तक कि राज्य का निर्गमन मानदंड पूरा न हो। कृपया ध्यान में रखें कि आपकी अनुमति के साथ, आप और आपका बच्चा टाइटल III के तहत अन्य सेवाओं जैसे स्कूल के बाद ट्यूटरिंग और गर्मियों में गहन अंग्रेजी कार्यक्रम, माता-पिता के लिए आउटरीच कार्यक्रम और माता-पिता और शिक्षकों की सभाओं में दुभाषिए की सेवाओं के पात्र हो सकते हैं।

निर्गमन के मानदंड

अंग्रेजी सीखने वाले जब सालाना अंग्रेजी भाषा कौशल्य मूल्यांकन में राज्य के निर्गमन मानदंड को पूरा करेंगे, तो वे ESOL सेवाओं के लिए पात्र नहीं रहेंगे।

आदरपूर्वक,

____

नाम शीर्षक/संबोधन फोन नंबर

शिक्षा कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी या कोई कार्यक्रम चुनने में सहायता के लिए संपर्क करें:

____

नाम शीर्षक/संबोधन फोन नंबर

कृपया सुनिश्चित करें कि आपने ऊपर अपने बच्चे के ESOL स्थान निर्धारण के बारे में अपना निर्णय निर्दिष्ट किया है और इसकी पुष्टि करने के लिए, कृपया नीचे हस्ताक्षर करें:

____

माता-पिता /कानूनी अभिभावक के हस्ताक्षर तिथि

यह दस्तावेज इन्हें वापस भेजें:

____

नाम शीर्षक/संबोधन तिथि